यह हर्ष का विषय है कि पिछले 05 महीने की अल्प अवधि में न केवल लोकतांत्रिक एवं मानवीय मूल्यों को पुनर्स्थापित किया गया बल्कि प्रदेश के लोगों का ध्यान वर्ग विशेष, संकीर्ण जातीयता और साम्प्रदायिक तनाव से हटाकर राज्य के सर्वांगीण विकास की ओर आकर्षित किया गया जिससे सभी वर्ग एवं धर्म के लोगों के जीवन में खुशहाली आये और वे विकास की ओर उन्मुख हो सकें । मेरी सरकार का सबसे प्रमुख लक्ष्य प्रदेश को एक ऐसा आदर्श प्रदेश बनाने का है कि इस प्रदेश का हर नागरिक दूसरे प्रदेश में सीना तान कर खड़ा हो सके । हमारी समृद्धि और विकास की रफ्तार को देखकर दूसरे राज्यों के निवासी ललचा जायं, इसलिए मुझे आपको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेरी सरकार ने थोड़े ही सही परन्तु अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम 05 महीने की अल्पावधि में ही उठाये हैं, जिनका जिक्र मैं आगे करूंगा ।

आप सभी अवगत हैं कि जर्जर और उखड़ी अर्थ व्यवस्था हमें उत्तराधिकार में प्राप्त हुई । फिजूलखर्ची और मनमाने खर्चों ने हमारे प्रदेश के खजाने को खाली कर दिया था । प्रदेश की लड़खड़ाती आर्थिक गाड़ी को पटरी पर लाना हमारी प्राथमिकता थी । हमारी सरकार ने अनुत्पादक खर्चों पर पाबंदी लगाते हुए वित्तीय अनुशासित व्यवस्था की शुरूआत की । अनावश्यक और खर्चीले प्रशासनतंत्र को व्यवस्थित बनाने के प्रयास हुए । बिना किसी मानक के वित्तीय सिद्धान्तों को नजरन्दाज कर, न्यायपालिका, योजना आयोग, प्रशासनिक सुधार आयोगों की संस्तुतियों और निर्देशों की अवज्ञा कर दलीय राजनैतिक सुविधा को ही केन्द्र बिन्दु मानकर मण्डल और जिले सृजित किये जाने लगे । प्रशासनिक व्यय आसमान छूने लगा । विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए पूंजी का संकट खड़ा हो

गया । लोकहित को सर्वोपरि महत्व देने वाली हमारी सरकार के लिए वित्तीय भार स्वरूप इन 4 मण्डलों एवं 09 जनपदों का अस्तित्व समाप्त करना हमारी मजबूरी थी । हमने अपनी सरकार के राजनैतिक स्वार्थ का बलिदान करते हुए बहुजन हिताय बहुजन सुखाय यह कठोर कदम उठाया । इससे प्रदेश की एकमुश्त लगभग 2310 करोड़ रुपये के अनावश्यक खर्च में कमी आयेगी और इस मद में 270 करोड़ रुपये वार्षिक आवर्तक खर्च आता था, उसकी पूरी बचत होगी । हमारी सरकार प्रदेश की 17 करोड़ जनता की खुशहाली के लिए वचनबद्ध और कृत संकल्प है । इन टूटे हुए मण्डलों और जिलों के बहाने सत्तालोभी तत्व अपना राजनैतिक स्वार्थ सिद्ध करने की ताक में हैं । मुझे इस बात की खुशी है कि प्रदेश की समझदार जनता ने इन कुंठित, दिग्भ्रमित तत्वों के षड़यन्त्र को ठीक से भांप लिया और इन जिलों और मण्डलों की बहाली के बहाने प्रदेश को जलाने के कुटिल प्रयास को ठुकरा दिया । यह इस बात का सबूत है कि इस प्रदेश की कोटि कोटि जनता का आशीर्वाद हमारी सरकार को है । हम अपनी सरकार की ओर से टूटे जनपद और मण्डलों की शालीन जनता को पूर्ण आश्वस्त करते हैं कि हमारी सरकार अपने सोच की आर्थिक शैक्षिक, विकास सम्बन्धी तरक्की के प्रति पूरी कटिबद्ध है । इसलिए विघटित जिलों, मण्डलों के क्षेत्रीय विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा । सामान्य बजटीय व्यवस्था के अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि इन क्षेत्रों के विशिष्ट विकास कार्यों के लिए दिये जायेंगे । उन क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधायें, शिक्षा, सड़क, पुल, विद्युतीकरण, सिंचाई आदि से सम्बन्धित जरूरतों को युद्ध स्तर पर पूरा किया जायेगा । इन क्षेत्रों में जो बड़े कस्बे होंगे उनके समन्वित विकास के लिए । करोड़ रुपये की विशेष विकास योजनायें बनाई जायेंगी । मण्डल और जिलों के समापन से जिस अनुमानित राशि की बचत होगी उस रकम को इन्हीं क्षेत्रों के विकास पर खर्च कर देने की वचनबद्धता है । साथ ही इन क्षेत्रों के लोगों को प्रशासनिक असुविधा से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे ।

मेरी सरकार का यह निश्चित मत है कि प्रदेश का विकास सुरक्षा एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण में ही सम्भव है । इसके लिए मेरी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में विधि का शासन स्थापित हो और माननीय न्यायालयों के आदेशों का अनुपालन हो । किसी धर्म या सम्प्रदाय के व्यक्ति को दूसरे धर्म या सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाओं में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होना चाहिए । मेरी सरकार का यह दृढ़ मत है कि अयोध्या के विवाद में माननीय न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की जानी चाहिये और साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रत्येक दशा में बनाये रखा जाना चाहिये ।

प्रशासन तंत्र को सुदृढ़ एवं दक्ष बनाया जाना मेरी सरकार की प्राथमिकता है । मेरी सरकार के अधिकारियों के हृदय में यह भावना होनी चाहिए कि जनता-जनार्दन का कल्याण करने के लिए ही वे बड़े ओहदों पर बैठे हैं । मेरी सरकार अधिकारियों की असंवेदनशीलता कर्तव्यहीनता, दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षा, भ्रष्ट आचरण किसी भी दशा में सहन नहीं करेगी । हमारा मानना है कि कुशल प्रबन्धन के द्वारा अधिकांश समस्याओं का निराकरण संभव है । अतः मेरी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रशासकीय व्यवस्था संवेदनशील, जनसमस्याओं के समाधान हेतु तत्पर एवं परिणामपरक हो । मेरी सरकार का विचार है कि आतंकवादी हिंसा, उग्रवाद आर्थिक, सामाजिक समस्याओं की उपज है इसलिए इस मूल समस्या का समाधान केवल प्रशासकीय और पुलिसिया पहलकदमी नहीं है । रोजगार के नये अवसर सृजित कर शिक्षा की व्यापक व्यवस्था द्वारा सामाजिक साम्प्रदायिक सद्भाव कायम कर समाज के दिग्भ्रमित युवाओं को मुख्य धारा में सम्मिलित करने का हमारा दृढ़ संकल्प है । इस दृष्टि से हमारी सरकार उग्रवादी युवाओं की मनोदशा को समाज की तरक्की के रचनात्मक क्षेत्र में लगाने के लिए ऐसे तत्वों, संगठनों और व्यक्तियों से संवाद का रिश्ता भी कायम करना चाहती है ।

प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मेरी सरकार द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गयी है । प्रभावी नियंत्रण से डकैती, बलवा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्पीड़न, बलात्कार, आगजनी, महिला उत्पीड़न आदि अपराधों में कमी आयी है । अपराधियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया है ।

कतिपय जनपदों में उग्रवादी गतिविधियां जो पिछले वर्षों में प्रारम्भ हुई थीं, उन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पी०ए०सी० टास्कफोर्स की विशेष टुकड़ियां लगायी गयी हैं । कई आतंकवादी संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और उनसे भारी मात्रा में शस्त्र आदि बरामद किये गये हैं । मेरी सरकार नागरिकों के जीवन और उनकी सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्प है ।

मेरी सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है । अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा । अनुसूचित जाति की बालिकाओं की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया जायेगा और उनके लिए नये छात्रावास भी निर्मित कराये जायेंगे । अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को दी जा रही छात्रवृत्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी । इसी प्रकार पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु जो भी कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, उनका प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित किया जायेगा जिससे इनका लाभ उन व्यक्तियों को अवश्य प्राप्त हो जो इस लाभ को पाने के हकदार हैं । मुझे आपको यह अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार ने वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना की दर को रुपये 125.00 से बढ़ाकर रुपये 150.00 प्रतिमाह कर दिया है । इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों हेतु भू-स्वामित्व की अधिकतम सीमा 2.5 एकड़ से बढ़ाकर 3.25 एकड़ कर दी गयी है । मेरी सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्प है । अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी । हमारा प्रयास होगा कि मदरसों के आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के अधिक से अधिक मदरसों को आच्छादित किया जा सके । अल्पसंख्यक समुदाय को सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए मार्जिन मनी पर ब्याज दर 6 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दी गई है । हमारा उद्देश्य अल्पसंख्यकों का शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास है ।

मेरी सरकार का यह स्पष्ट मत है कि विकलांगजनों को उनका हक एवं अधिकार दिया जाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है । उनके कल्याण हेतु सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जायेगा । मेरी सरकार विशेष रूप से यह प्रयास करेगी कि समाज में महिलाओं को जो उनका उचित स्थान है वह अवश्य प्राप्त हो । उनके कल्याण हेतु जो भी कार्यक्रम लागू किये जायं उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जाये और उनकी सफलता में संसाधनों की कमी आड़े न आए । महिलाओं के विरुद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार एवं शोषण को मेरी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और दुराचरण करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

मेरी सरकार की यह मान्यता है कि समाज में शिक्षक का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान होता है । हमारे स्कूल कालेजों में पढ़ने वाले बच्चों एवं नवजवानों के भविष्य के निर्धारण में शिक्षकों का विशेष योगदान होता है । जो समाज अपने शिक्षकों का आदर करता है वही उन्नति एवं सम्पन्नता की ओर अग्रसर होता है । इन्हीं सद्विचारों को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार ने शिक्षकों की वर्तमान अधिवर्षता आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का निर्णय लिया है जिससे हमारे शिक्षकों को पारिवारिक एवं आर्थिक कठिनाइयों से उबरने में मदद मिल सके और वे अपने शैक्षणिक कार्यों का और कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकें ।

प्रदेश में निरक्षरता को दूर करने के लिए प्रारम्भिक शिक्षा पर बल दिया जाना मेरी सरकार की प्राथमिकता होगी । स्कूल चलो अभियान में बच्चों के अतिरिक्त नामांकन और अध्यापक/छात्रों के अनुपात में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा । अध्यापकों की कमी को दूर करने के लिए विशिष्ट बी०टी०सी० प्रशिक्षण दिलाकर ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति करने की व्यवस्था की जायेगी । मुझे आपको अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार ने कन्या विद्या धन योजना प्रारम्भ की है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं में शिक्षा की ओर अभिरुचि पैदा हो । उर्दू भाषा की शिक्षा का प्रदेश

में महत्व का आंकलन करते हुए विद्यालयों में उर्दू शिक्षा को और अधिक गतिशील बनाया जायेगा । इसी प्रकार उच्च स्तर की कुशल प्रशिक्षित तकनीकी जन शक्ति की आपूर्ति हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे । मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद् के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भांति अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामूहिक जीवन बीमा योजना से आच्छादित किये जाने का निर्णय लिया है । शिक्षकों के प्रति कल्याणकारी कदमों को उठाते हुए मेरी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अशासकीय सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से संलग्न प्राइमरी प्रभाग (बालक/बालिका) के शिक्षकों/शिक्षिकाओं को भी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की भांति सेवानिवृत्तिक लाभ यथा पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्युटी व जी०पी०एफ० से आवृत्त किया जाय ।

प्रदेश की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु मेरी सरकार सतत् प्रयत्नशील है । चिकित्सा सुविधा का न केवल सुदृढ़ीकरण किया जायेगा बल्कि यह प्रयास किया जायेगा कि अच्छी चिकित्सा सुविधा गरीबों को अत्यन्त कम खर्च पर सुलभ हो सके । चिकित्सा के क्षेत्र में विकास हेतु निजी क्षेत्र की सहभागिता प्राप्त करने का भी प्रयास किया जायेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने हेतु अप्रवासी भारतीय तथा प्रदेश से जुड़े देश के अन्य भागों में निवास करने वाले इच्छुक नागरिकों से निवेश प्राप्त करने हेतु ''स्वास्थ्य फाउन्डेशन'' का गठन किया गया है जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य की उत्तम सुविधायें उपलब्ध करायी जा सकें । मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि प्रदेश के अग्रणी विश्वविद्यालय किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ में उत्कृष्ट तकनीकी चिकित्सा सुविधा के लिए इमरजेन्सी एवं अपेक्स ट्रामा सेन्टर स्थापित किया गया है । मेरी सरकार आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के विकास हेतु भी आवश्यक कदम उठायेगी । पोलियो की बीमारी के समूल उन्मूलन के लिए मेरी सरकार जो भी कार्यवाही आवश्यक है उसे तत्परता से करेगी ।

प्रदेश के शहरी विकास हेतु समस्त शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु मेरी सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जायेंगे । प्रदेश के शहरों में सफाई की व्यवस्था में सुधार सैनीटेशन, पेयजल, स्ट्रीटलाइटिंग, सड़कों आदि पर विशेष ध्यान दिया जायेगा । नदियां हमारी जीवन रेखा हैं । हमारा यह विशेष प्रयास होगा कि प्रदेश की प्रमुख नदियां गंगा, यमुना तथा गोमती के जल को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय । प्रदेश में न केवल आवासीय सुविधाओं का विस्तार किया जाना आवश्यक है बल्कि यह प्रयास भी किये जाने हैं कि गरीब बेसहारा लोगों को भी छत मुहैया हो सके । प्रदेश के विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास परिषद् द्वारा 65 प्रतिशत भवन/भूखण्ड दुर्बल एवं अल्प आय वाले वर्गों के लिए रखे गये है । प्रदेश में पर्यटन उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने एवं उच्चस्तरीय आवासीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए 1500 एकड़ या उससे अधिक भूमि पर न्यूनतम 750 करोड़ रुपये निजी पूंजी निवेश से अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त हाईटेक टाउनशिप विकास नीति मेरी सरकार द्वारा घोषित की गयी है । मेरी सरकार का लक्ष्य है कि स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के अन्तर्गत अगले वित्तीय वर्ष में 8 हजार स्वरोजगार सृजित किये जायं और 20 हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया जाय । नगरीय मजदूरी योजना के अन्तर्गत लगभग 3 लाख मानव दिवस सृजित किये जायेंगे । मलिन बस्तियों के सुधार हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी ।

मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि प्रदेश के 9100 किलोमीटर के राजमार्गों के उचित रख-रखाव, उच्चीकरण एवं उन पर भारी यातायात की सुगमता के उद्देश्य से मेरी सरकार द्वारा ''उत्तर प्रदेश राज्य मार्ग प्राधिकरण'' के गठन का निर्णय लिया गया है जो एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में कार्य करेगा । मेरी सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए मार्गों एवं सेतुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए इनके सृजन पर विशेष ध्यान देगी । ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के निर्माण कार्य

को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी । बड़ी नदियों के ऊपर सेतुओं के निर्माण के साथ-साथ रेलवे समपारों के स्थान पर उपरिगामी सेतुओं के निर्माण को भी प्राथमिकता दी जायेगी । सम्पादित कराये गये कार्यों की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे ।

हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला कृषि है । मेरी सरकार कृषि विकास हेतु एवं किसानों को सभी प्रकार की आवश्यक सुविधायें उनके दरवाजे पर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है । मेरी सरकार का यह विश्वास है कि खुशहाल एवं समृद्ध किसान ही प्रदेश की समृद्धि एवं विकास की धुरी है । वर्ष 2004-2005 में कृषि उत्पादन की विकास दर 5.1 प्रतिशत रखते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा । कृषि व्यापार संगठन की पृष्ठभूमि में आवश्यक तैयारी की जायेगी जिससे हमारे किसानों के कृषि उत्पादों की विश्व बाजार में अपनी पहचान बन सके । ग्रामीण आवागमन को विकसित करने हेतु मण्डी परिषद् द्वारा बड़ी संख्या में सम्पर्क मार्गों का निर्माण कराया जायेगा । ऊसर भूमि के सुधार हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित किये जायेंगे और इसी प्रकार कृषि शिक्षा पर बल दिया जायेगा ।

हमारा प्रदेश भारत का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है । प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गन्ने की खेती का महत्वपूर्ण स्थान है । मेरी सरकार गन्ना किसानों तथा चीनी उद्योग के बीच एक न्यायोचित सम्बन्ध स्थापित कर गन्ना किसानों के हित की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है । गन्ना पेराई वर्ष 2002-2003 के अवशेष लगभग 1293 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान मेरी सरकार ने सुनिश्चित किया है । इस हेतु राज्य चीनी निगम तथा सहकारी चीनी निगमों को गन्ना मूल्य भुगतान हेतु लगभग 532 करोड़ रुपये की सहायता भी उपलब्ध करायी गयी है । प्रदेश में उपलब्ध गन्ने की अधिक पेराई करने तथा बीमार और बन्द पड़ी चीनी मिलों के पुनः संचालन/पुनर्वासन एवं विस्तारीकरण के उद्देश्य से राज्य चीनी निगम की 24 मिलों को पट्टे पर देने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है जिसमें पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की गयी है । किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सहकारी एवं निगम की जिन 11 मिलों को बन्द करने का पहले निर्णय लिया गया था उन्हें तुरन्त मरम्मत कराकर चलाने के निर्देश दिये गये हैं ।

प्रदेश के वनों में अवैध कटान तथा अवैध खनन को रोकने और वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिए मेरी सरकार दृढ़ संकल्पित है । वन माफियाओं को बख्शा नहीं जायेगा और उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी । प्रदेश की वन सम्पदा में वृद्धि करना हमारा लक्ष्य है ।

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार के द्वारा समग्र ग्राम्य विकास योजना प्रदेश के सम्पूर्ण ग्रामीण विकास के उद्देश्य से शुरू की गयी है । इसमें 16 कार्यक्रमों को शामिल किया गया है :– 1–स्वच्छ पेयजल 2–इन्दिरा आवास 3–स्वच्छ शौचालय निर्माण 4–सम्पर्क मार्ग निर्माण 5–ग्रामों का विद्युतीकरण 6–नाली/खड़न्जों का निर्माण 7–प्राइमरी पाठशाला की स्थापना/भवन निर्माण 8–स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना 9–निःशुल्क बोरिंग 10–वृद्धावस्था पेन्शन 11–विधवा पेन्शन 12–उच्च प्राथमिक पाठशाला की स्थापना/भवन निर्माण 13–कृषि भूमि, सीलिंग से सरप्लस भूमि आवास स्थल, मछली पालन स्थल तथा कुम्हारी कला हेतु स्थल का आवंटन तथा पट्टे पर दी गयी भूमि के कब्जे का सत्यापन 14–विकलांग पेन्शन तथा उपकरण सहायता योजना 15–परिवार कल्याण योजना 16– टीकाकरण ।

ग्रामीण क्षेत्रों में चलायी जा रही स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत आगामी वित्तीय वर्ष में ढाई लाख परिवारों को स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है और सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत 18 करोड़ मानव दिवस के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । प्रदेश के अधिकाधिक गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना मेरी सरकार की प्रतिबद्धता है । पंचायतों को

सुदृढ़ बनाने के लिए मेरी सरकार निरन्तर प्रयासरत है । सहकारी समितियों के कार्यों में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे जिससे किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण एवं कृषि निवेशों यथा उर्वरक, उन्नतिशील बीज तथा कीटनाशक दवाओं के वितरण में और सुधार आये ।

निःशुल्क बोरिंग योजना को कार्यान्वित किये जाने के साथ-साथ निजी नलकूपों के ऊर्जीकरण पर मेरी सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जायेगा । फसलों की सामयिक एवं पर्याप्त सिंचाई की कृषि उत्पादन में मुख्य भूमिका को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार ने नहरों की सफाई कराकर उनकी टेल तक पानी पहुंचाने के कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 25,000 किलोमीटर लम्बाई में सिल्ट सफाई का कार्य किया गया है ।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में दुग्ध व्यवसाय के महत्व को ध्यान में रखते हुए किसानों को दुग्ध का लाभकारी मूल्य दिलाने एवं दुग्ध उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए मेरी सरकार सतत् प्रयत्नशील है । इसी प्रकार उन्नत पशु प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पशु प्रबन्धन और पशु पोषण के क्षेत्रों में बेहतर प्रबन्धन पर विशेष बल दिया जायेगा । किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न का क्रय बिना बिचौलियों के किये जाने हेतु मेरी सरकार प्रतिबद्ध है । कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी एवं गरीबों को राशन से मिलने वाली सामग्री के वितरण की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा ।

प्रदेश के संसाधनों में व्यापार कर का महत्वपूर्ण योगदान होता है । जहां एक ओर मेरी सरकार करापवंचन को रोकने के लिए रणनीति बनाकर प्रभावी कार्यवाही करेगी वहीं दूसरी ओर व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न भी नहीं होने दिया जायेगा । मुझे आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार ने व्यापार कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए लागू जोखिम जीवन व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना में बीमा की राशि को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये करने का निर्णय लिया है । व्यापार कर की दरों को युक्तिसंगत किये जाने पर विचार किया जायेगा जिससे जहां एक ओर राजस्व में बढ़ोत्तरी हो वहीं दूसरी ओर कर की दर इस प्रकार की हो कि अधिकांश व्यापारी उसे स्वेच्छा से जमा करने के लिए प्रोत्साहित हों ।

मेरी सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है । इस ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेरी सरकार ने उत्तर प्रदेश विकास परिषद् का गठन किया है । विकास परिषद् को देश के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों की सहभागिता प्राप्त है । यह इस प्रदेश का सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश विकास परिषद् के माध्यम से प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योगपतियों और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों के परामर्श एवं अनुभव का लाभ प्राप्त हो रहा है । प्रदेश के औद्योगिकीकरण के लिए निजी क्षेत्र की सहभागिता प्राप्त की जायेगी और उद्यमियों को उचित सम्मान एवं सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी जिससे औद्योगिकीकरण में अपेक्षित गति आ सके ।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र के चतुर्मुखी विकास हेतु प्रयासरत है । 25,000 बुनकरों को वर्ष 2004-2005 में रोजगार सुलभ कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के त्वरित विकास हेतु मेरी सरकार वर्तमान में उपलब्ध अवस्थापना सुविधाओं को उच्चीकृत करने हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है । औद्योगिक विकास के लिए यह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है कि विद्युत की पर्याप्त उपलब्धता हो । मुझे आपको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि प्रदेश सरकार ने नयी ऊर्जा नीति की घोषणा की है जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर है । नयी ऊर्जा नीति ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने तथा प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति के लिए किये जा रहे प्रयासों की दिशा में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम है । आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के समस्त ग्रामों को विद्युतीकृत किये जाने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा । निजी क्षेत्र की

सहभागिता प्राप्त करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया अपनायी जायेगी और उत्पादन, पारेषण तथा वितरण तीनों क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

प्रदेश में खेलों के विकास के लिए अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु मेरी सरकार प्रयत्नशील है । प्रदेश के खिलाड़ियों के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए सफल खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा ।

हमारा प्रदेश देश का सबसे पहला प्रदेश है जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अपनी राजभाषा घोषित किया । सभी शासकीय कार्यों को हिन्दी में सम्पादित किया जाना मेरी सरकार की नीति है । उर्दू प्रदेश की द्वितीय राजभाषा है और मेरी सरकार उर्दू भाषा के विकास के लिए भी प्रयत्नशील है ।

प्रदेश में विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु मेरी सरकार द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना प्रारम्भ की गयी है । इस योजना में विशेष रूप से मूलभूत सुविधायें यथा-स्कूल, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई आदि से सम्बन्धित योजनाओं का वित्त पोषण किया जाता है ।

माननीय सदस्यगण, मैंने आपके सामने सरकार की प्रमुख नीतियों और कतिपय प्रमुख कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की है । विधान मण्डल के इस सत्र में आपके सामने वित्तीय वर्ष 2004-2005 का आय-व्ययक तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक मांगें भी प्रस्तुत की जायेंगी और तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक पारित करने की अपेक्षा की जायेगी । विगत सत्र के बाद कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किये गये हैं जिनको प्रतिस्थापित करने वाले विधेयक तथा कुछ अन्य विधेयक आपके विचारार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे ।

हमें विश्वास है कि आज प्रदेश के समस्त वासियों का आशीर्वाद और उत्साहवर्धन हमारी सरकार के साथ है । कोई सरकार प्रदेश वासियों की असीम अनुकम्पा के अभाव में अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकती । हमारी सरकार अपनी पूरी रचनात्मक, सृजनशील शक्ति के साथ इस प्रदेश को भारत का व्यवस्थित और सम्पन्न राज्य के रूप में विकास करना चाहती है । अभी तो शुरुआत है । बहुमुखी विकास के लिए भगीरथ प्रयास की जरूरत है । पूरे देश का एक पिछड़ा प्रदेश होने का कलंक हमें शीघ्र धो देना चाहते हैं । इसके लिए लक्ष्य की स्पष्टता, रास्ते का निरापद होना, सत्य, निष्ठा और लगन का होना आवश्यक है । हमारी सरकार इन सभी कसौटियों पर खरी उतरती है । इसलिए आप सभी माननीय सदस्यों को विकास के इस महायज्ञ में दलगत स्वार्थों को त्यागकर आहुति देने का आह्वान करते हुए आप सभी का आभार प्रकट करते हैं ।

जय हिन्द ।

विधान सभा उप निर्वाचन में निर्वाचित मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव द्वारा शपथ-ग्रहण

श्री अध्यक्ष–

माननीय मुख्य मंत्री जी की शपथ होनी है । माननीय मुख्य मंत्री जी शपथ ले लें ।

(सत्तापक्ष के सदस्यों के द्वारा मेजें थपथपाई गईं)

(श्री अध्यक्ष द्वारा मुख्य मंत्री जी को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई)

(सत्तापक्ष के सदस्यों द्वारा पुनः मेजें थपथपाई गईं)

श्री प्रमोद कुमार–

माननीय मुख्य मंत्री जी हम लोगों की बिरादरी के काबिल हो गये हैं, वह चुनाव जीत गये हैं इसलिए हम उनको बधाई देते हैं । मैं दुःख भी व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मेरा रिकार्ड तोड़ दिया है ।

नेता विरोधी दल (श्री लालजी टण्डन)–

अध्यक्ष महोदय, प्रमोद कुमार जी के बूथ कैपचरिंग के रिकार्ड को मुख्यमंत्री जी ने तोड़ दिया है, उनकी विजय के ऊपर मैं उनको बधाई देता हूं और अपनी शुभकामनायें देता हूं ।

उत्तर प्रदेश किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2004 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, (संशोधन) अध्यादेश, 2004 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–1 सन् 2004) को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (निरसन) अध्यादेश, 2004

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (निरसन) अध्यादेश, 2004 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–2 सन् 2004) को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2003, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 10 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हो गया ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2003, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 10 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हो गया ।

उत्तर प्रदेश छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 12 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हो गया ।

नोट :– † छापे नहीं गये ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2003, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 12 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हो गया ।

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 11 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का सातवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 04 मार्च, 2003 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का आठवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 10 दिसम्बर, 2003 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का नौवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का दसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (संशोधन) (द्वितीय) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (संशोधन) (द्वितीय) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 को वापस प्राप्त हुआ था राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का ग्यारहवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 05 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 10 दिसम्बर, 2003 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का बारहवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 दिसम्बर, 2003 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का तेरहवां अधिनियम बन गया ।

सिविल प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, सिविल प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 04 मार्च, 2003 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 14 नवम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 19 दिसम्बर, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2003 का उत्तर प्रदेश का चौदहवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2003

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2003 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 09 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 दिसम्बर, 2003 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 03 जनवरी, 2004 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2004 का उत्तर प्रदेश का पहला अधिनियम बन गया ।

श्री अध्यक्ष–

मद संख्या–10 एवं 11 में कुछ नहीं है मद संख्या–12 लेते हैं ।

दिनांक 11 फरवरी, 04 के पूर्वाह्न 11 बजे वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के प्रस्तुतिकरण पर व्यवस्था का प्रश्न

श्री हुकुम सिंह–

मान्यवर, इसी मद को लेकर मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । वैसे तो कार्यमंत्रणा समिति की जो सिफारिश होती है उसमें कोई आपत्ति नहीं की जाती लेकिन मान्यवर, जो कार्यसूची प्राप्त हुई है उसमें 11 तारीख, बुधवार को वर्ष 2004-05 के आय-व्ययक के प्रस्तुतिकरण का समय 11.00 बजे पूर्वाह्न रखा गया है । मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के पास एक ही हथियार होता है वह है प्रश्न प्रहर । उसको भी काटकर 11 बजे यह रखा जाना हमारे लिए सही नहीं है । मेरा आग्रह है कि आप 10 तारीख का प्रस्ताव स्वीकार कर लें और दोबारा कार्यमंत्रणा समिति से सिफारिश कर लें कि 11.00 बजे प्रश्न प्रहर रखा जाये ।

श्री मोहम्मद आजम खां (संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री)–

मान्यवर, कार्यमंत्रणा समिति में भी यह बात आयी थी । ऐसा नहीं है कि प्रश्नकाल किसी भी हालत में स्थगित नहीं होना चाहिए, लेकिन कभी-कभी अपरिहार्य कारणों से ऐसा करना होता है और इसमें आपकी तरफ से सहमति मौजूद है । जो भी लोग सत्ता में होते हैं वह विपक्ष के इस प्रस्ताव को मजबूरीवश मानने को तैयार होते हैं । क्योंकि परिषद् में बजट को पेश होना है और अगर ढाई-तीन बजे तक नहीं लेंगे तो यह पास नहीं हो सकेगा इसलिए यह इजाजत चाही थी ।

श्री हुकुम सिंह–

इसमें परिषद् वाली बात समझ में नहीं आ रही है । यह तो आप पूरा बजट ले रहे होंगे तो फिर उसी दिन परिषद् में जाने की क्या बात है ?

मुख्य मंत्री (श्री मुलायम सिंह यादव)–

माननीय हुकुम सिंह संसदीय कार्य मंत्री रहे हैं और यह परम्परा यहीं विधान सभा में नहीं हो रही है, संसद हमारी आदर्श हैं वहां पर बजट ठीक 11.00 बजे पेश होता है और उस दिन कोई कामकाज नहीं होता है । यह काम इनके पक्ष में किया जा रहा है जितनी आलोचना कर सकते हों करें अगर कमियां हैं, उसमें सुधार किया जा सकता है । जितना बोलना आप चाहें बोलें । यह संसद में 11.00 बजे पेश होता है और अभी भी हुआ है । यही विधान सभा में हो तो इस संसद के इस आदर्श का पालन करते हुए हमारा अनुरोध है कि कार्य मंत्रणा समिति की जो सिफारिश है और जो परम्परा है उसमें सहयोग करें ।

श्री हुकुम सिंह–

कोई अपरिहार्य कारण हो, कोई विवशता हो तो ठीक है । यह पहला दिवस है और उस रोज प्रस्तुत करने जा रहे हैं, फिर सामान्य चर्चा होगी और फिर ग्रान्ट्स रखेंगे । अगर कोई विवशता है, समय नहीं है तो विपक्ष भी समर्थन देता है और सहयोग देता है लेकिन कोई कारण तो ऐसा हो । आप निर्धारित परम्परा से अलग हट रहे हैं । संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि परिषद् में जाना है तो यह क्या है ? पूरक मांग हो या फिर लेखानुदान हो तो यह हो सकता है । यह तो सामान्य प्रक्रिया है । मुख्यमंत्री जी यहां पर विराजमान हैं अगर बहुत ज्यादा प्रतिष्ठा का सवाल न बनायें तो इस पर पुनर्विचार कर लें ताकि सामान्य चर्चा भी हो सके ।

श्री मोहम्मद आजम खां–

यह तो कार्य मंत्रणा समिति का अधिकार है । उसी में यह तय हुआ था तो इस फैसले पर इतनी लम्बी बहस क्यों ? फिर नेता सदन के अनुरोध के बाद ?

श्री अध्यक्ष–

उस तारीख के पहले अगर कोई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी तो उसमें विचार कर लेंगे ।

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने दिनांक 3 फरवरी, 2004 की अपनी बैठक में विधान सभा के दिनांक 04 फरवरी से 10 मार्च, 2004 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :–

फरवरी, 2004

4 बुधवार — 1–11.00 बजे पूर्वाह्न

राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण ।

2–12.30 बजे अपराह्न

(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना ।

(2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों ।

5 गुरुवार — 1–निधन के निर्देश ।

2–श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।

3–5.00 बजे अपराह्न

वित्तीय वर्ष 2003-04 के अनुपूरक अनुदानों का प्रस्तुतिकरण ।

6 शुक्रवार
7 शनिवार
8 रविवार — वैठक नहीं होगी ।
9 सोमवार

10 मंगलवार — 1–12.30 बजे अपराह्न

वित्तीय वर्ष 2003-2004 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन उस पर विचार एवं उसका पारण ।

2–श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा

11 बुधवार — 1–11.00 बजे पूर्वाह्न

वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण ।

	2–श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
	3–विधायी कार्य ।
12 गुरुवार	1–श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
	2–विधायी कार्य ।
13 शुक्रवार	असरकारी दिवस (आधा दिन + आधा दिन, दिनांक 06 फरवरी, 2004 के स्थान पर) ।
14 शनिवार	वैठक नहीं होगी ।
15 रविवार	
16 सोमवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा ।
17 मंगलवार	
18 बुधवार	(महाशिवरात्रि का अवकाश) वैठक नहीं होगी ।
19 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा ।
20 शुक्रवार	
21शनिवार	
22 रविवार	वैठक नहीं होगी ।
23 सोमवार	
24 मंगलवार	
25 बुधवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान ।
26 गुरुवार	
27 शुक्रवार	
28 शनिवार	वैठक नहीं होगी ।
29 रविवार	
<u>मार्च, 2004</u>	
1 सोमवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान ।
2 मंगलवार	(मोहर्रम का अवकाश) वैठक नहीं होगी ।
3 बुधवार	
4 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान ।
5 शुक्रवार	
6 शनिवार	(होली का अवकाश) वैठक नहीं होगी ।
7 रविवार	

उत्तर प्रदेश विधान सभा

8 सोमवार — वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान ।

9 मंगलवार

10 बुधवार — 1–वित्तीय वर्ष 2004-2005 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान ।

2–4.00 बजे अपराह्न

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2004 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण ।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि "यह सदन कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है ।"

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।)

श्री अध्यक्ष–

मद संख्या–13 में कुछ नहीं है । अब हम उठते हैं, कल दिनांक 05 फरवरी, 2004 को पूर्वाह्न 11.00 बजे पुनः बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 53 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया ।)

लखनऊ :

दिनांक : 04 फरवरी, 2004

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश ।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

पी०एस०यू०पी०–एल० 12 विधान सभा (26)–30-4-2004–(813) (डी०टी०पी०) ।